चुन चुन के फूल ले आई बगिया से

चुन चुन के फूल ले आई बगिया से तोड़ के,
मैं माला इनकी बनाऊँ फूलों को जोड़ के.....

मैया तुम्हारे वास्ते मैं पायल ले आई मैं पायल ले आई,
बिछवे तेरे बनाऊँ,
फूलों को जोड़ के चरणों में तेरे प्रणाम है हाथों को जोड़ के,
चुन चुन के फूल ले आई बगिया से तोड़ के....

मैया तुम्हारे वास्ते मैं साडी ले आई मैं साडी ले आई,
चुनरी मे फुल बनालो,
फूलों को जोड़ के चरणों में तेरे प्रणाम है हाथों को जोड़ के,
चुन चुन के फूल ले आई बगिया से तोड़ के....

मैंया तुम्हारे वास्ते मैं कंगन ले आई मैं चूड़ी ले आई,
मेहंदी में फुल बना लो,
फूलों को जोड़ के चरणों में तेरे प्रणाम है हाथों को जोड़ के,
चुन चुन के फूल ले आई बगिया से तोड़ के....

मैया तुम्हारे वास्ते मैं हार ले आई मैं लॉकेट ले आई,
लॉकेट में फुल बनालो,
फूलों को जोड़ के चरणों में तेरे प्रणाम है हाथों को जोड़ के,
चुन चुन के फूल ले आई बगिया से तोड़ के....

मैंया तुम्हारे वास्ते मैं झुमके ले आई मैं झमके ले आई,
नथनी में फुल बनालो,
फूलों को जोड़ के चरणों में तेरे प्रणाम है हाथों को जोड़ के,
चुन चुन के फूल ले आई बगिया से तोड़ के....

मैंया तुम्हारे वास्ते मैं बिंदिया ले आई मैं मुकुटा ले आई,
टीके में फुल लगाओ,
फूलों को जोड़ के चरणों में तेरे प्रणाम है हाथों को जोड़ के,
चुन चुन के फूल ले आई बगिया से तोड़ के.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26834/title/chun-chun-ke-phool-le-aayi-bagiya-se

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |